## आकाशवाणी शिमला
## 11.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

### प्रधानमंत्री–कृषि क्षेत्र योजनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में एक विशेष कृषि कार्यक्रम में कृषि और इससे जुडे क्षेत्रों में 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं और योजनाओं का शुभारंभ, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कृषि क्षेत्र की दो प्रमुख पहलों, प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करेंगे और किसानों के साथ बातचीत भी करेंगे। ये कार्यक्रम किसान कल्याण, कृषि आत्मनिर्भरता और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने के लिए सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता दर्शाती है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री कृषि पशुपालन, मत्स्य और खाद्य प्रसंकरण क्षेत्रों में पांच हजार चार सौ 50 करोड़ रूपये की योजनाओं का उद्‌घाटन और लोकार्पण करेंगे। वे करीब आठ अरब 15 करोड रुपये की कई परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे।

### अनुराग ठाकुर

इस बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री व लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना के तहत बिलासपुर ज़िले के चयन को सुनहरा अवसर बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक मजबूत कदम साबित होगी। इस योजना के तहत देश के एक सौ ज़िलों का चयन किया गया है।

### रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद हर विभाग और हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया है। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग में अब तक 7 हजार नियमित भर्तियां की जा चुकी हैं। इनमें जेबीटी से लेकर कॉलेज कैडर के प्रिंसिपल तक की नियुक्तियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता में स्पष्ट सुधार हुआ है और आज हिमाचल प्रदेश पूर्ण साक्षर राज्य बन गया है।

### जीएसटी सुधार–हिमाचल प्रदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने की 22 तारीख को जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की थी। इसका समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। प्रदेश में उत्पादित होने वाले काला जीरा और चूली तेल पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत की गई है जिससे किसानों को लाभ होगा और राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

### सेना भर्ती

सेना भर्ती कार्यालय शिमला के भर्ती निदेशक कर्नल मनीष सिंह ने कहा है कि अग्निपथ योजना के तहत सेना में भर्ती के लिए शिमला, सोलन, सिरमौर और किन्नौर ज़िलों के ऑनलाईन परीक्षा उत्तीण उम्मीदवारों को फिजिकल टैस्ट के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाईन परीक्षा पास करने वाले युवा ज्वाईन इंडियन आर्मी की वैबसाईट पर जाकर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भर्ती रैली का आयोजन प्रिथी मिलटरी स्टेशन अवेरी पट्‌टी रामपुर बुशहर में 17 नवम्बर से 24 नवम्बर के बीच किया जाएगा।

**<u>सुर्खियां समाचार पत्रों से.....</u>**

अमर उजाला मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**पंचायत चुनाव स्थगित नहीं किए, समय पर पूरी होगी प्रक्रिया। पंजाब केसरी के शब्द हैं– हिमाचल में निश्चित समय पर होंगे पंचायत चुनाव।**

दिव्य हिमाचल की एक खबर है–**वाकनाघाट में बनेगी साइबर सिटी –मुख्यमंत्री सुक्खू बोले 650 बीघा भूमि पर किया जाएगा निर्माण, ब्लू प्रिंट तैयार करने के निर्देश।**

**किडनी मरीजों को निजी अस्पतालों में 6 माह तक मिलती रहेगी डायलिसिस की सुविधा**–शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है– हिमकेयर में सरकार ने निजी अस्पतालों की इन्पैनलमेंट 31 मार्च 2026 तक बढ़ाई।

**अफरसरशाही पर सी.एम. सुक्खू सख्त, 10 बजे तक लगानी होगी बायोमिट्रिक हाजिरी–मुख्य सचिव के बाद मुख्यमंत्री ने दिए सीधे आदेश** हिमाचल दस्तक की एक खबर है।

दैनिक जागरण लिखता है–**सहायक दवा नियंत्रक निशांत सरीन गिरफ्तार।**